फोन नं0–05442–245381

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बथुआ गॉधीघाट नकहरा रोड, मीरजापुर।
Email Id- jalnigam3@gmail.com
Mo. No.- 9473942677

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
मीरजापुर।

पत्रांक 5727 / एम–6 / 88 दिनांक 30/05/2026

विषयः– **जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई–समाचार पत्र में दिनांक 29.05.2026 को "जमालपुर में जल संकट को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शनः खराब हैण्डपम्प और जल जीवन मिशन कनेक्शन न मिलने से लोग परेशान" शीर्षक से प्रसारित समाचार की आख्या।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई– समाचार पत्र में दिनांक 29.05.2026 को "जमालपुर में जल संकट को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शनः खराब हैण्डपम्प और जल जीवन मिशन कनेक्शन न मिलने से लोग परेशान" शीर्षक शिकायत प्राप्त हुई है। उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड जमालपुर में गोठौरा ग्राम समूह पेयजल योजना–सतही स्रोत द्वारा जलापूर्ति की जाती है। ग्राम मनऊर पूरब पट्टी में 210 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये गये है। निर्माण कार्य के दौरान नल कनेक्शन हेतु इच्छुक ग्रामवासियों को हाउस कनेक्शन प्रदान कर दिया गया था। वर्तमान समय में नल कनेक्शन से वंचित ग्रामवासियों को सहमति की स्थिति में दिनांक 07.06.2026 तक नल कनेक्शन उपलब्ध करा दिया जायेगा। विगत दो सप्ताह से मुख्य पेयजल पाइप लाइन में मरम्मतीकरण कार्य प्रगति पर होने के कारण जलापूर्ति प्रभावित रही है। उक्त समस्या का समाधान कर लिया गया है दिनांक 31.05.2026 से नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2 मुख्य विकास अधिकारी, मीरजापुर।
3 जिला सूचना अधिकारी, मीरजापुर।

अधिशासी अभियन्ता